पारदर्शिता के साथ पीएम आवास योजना का हुआ लाटरी–हितग्राहियो को मिला मकान

भिलाईनगर। आज दिनांक प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान–मोर आस घटक अंतर्गत रजत बिल्डर्स शांति नगर के 36 आवासो का नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में खुली लाटरी पद्वति से आवासो को आबंटित किया गया। आबंटन के दौरान वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, निगम आयुक्त बजरंग दुबे, एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू स्वयं उपस्थित रहे। सबसे पहले आबंटन की प्रक्रिया के बारे में विधायक एवं आयुक्त द्वारा जानकारी प्राप्त की गई। शांति नगर में निर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 146 आवेदको द्वारा आवेदन कर प्रथम किश्त की राशि 10 प्रतिशत जमा किया गया था। इन सभी को लाटरी में भाग लेने के लिए सूचना पत्र जारी किया गया था। इन 36 मकानो में से भूतल के 12 मकान, वरिष्ठ नागरिको एवं दिव्यांगजनो के लिए शासन के नियमानुसार आरक्षित था। भूतल के मकानो के लिए मात्र 6 हितग्राही पात्र पाए गय। सभी 6 हितग्राहियो को लाटरी द्वारा भूतल का आवास आबंटन किया गया। शेष 24 आवासो के लिए 140 आवेदको में से 125 आवेदक उपस्थित थे। जिनका लाटरी द्वारा 21 आवासो का आबंटन किया गया तथा शेष 15 आवेदक अनुपस्थित पाये गये। लाटरी द्वारा आबंटन के पश्चात भूतल पर 6 आवास तथा सामान्य वर्ग हेतु 3 आवास आबंटन हेतु शेष है। शेष आवासो को आगामी तिथि निर्धारण कर विधिवत लाटरी द्वारा आबंटन किया जायेगा। विधायक रिकेश सेन ने सभी हितग्राहियो को बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान निर्माण का कार्य लगातार चल रहा है। जिन हितग्राहियो का लाटरी नहीं निकला है वे अन्य जगह पर निर्मित मकान के लिए अपनी सहमति देकर लाटरी प्रक्रिया में भागीदार बन सकते है। शासन का प्रयास है मकान सबको मिले, जितना मकान बन रहा है, उसी में से पारदर्शिता के साथ लाटरी हितग्राहियो की उपस्थिति में निकाली जाती है। पुरी प्रक्रिया का फोटोग्राफी एवं लगातार वीडियोग्राफी की जाती है। जिसमे नियमानुसार 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा करने वाले हितग्राही भागीदार बनते है। आबंटन के दौरान निगम तहसीलदार गुरूदत्त पंचभाई, आवास योजना के नोडल अधिकारी डी.के.वर्मा, जोन आयुक्त बी.के.वर्मा, अभियंता अजय सिंह गौर, दीपक देवांगन, प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन आदि उपस्थित रहे।